लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 01 September 2023

LOKSATYA PAGE 2

# अंतरराष्ट्रीय छात्राओं ने मनाया राखी का त्योहार

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने आए अंतरराष्ट्रीय छात्राओं के लिए आज का दिन बहुत ही सुखद रहा। निवेदिता महिला छात्रावास की अंतःवासी अंतरराष्ट्रीय छात्राओं ने लखनऊ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के साथ भारतीय परंपरा के अनुसार रक्षाबंधन मनाया।




भारतीय छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय छात्राओं के साथ पारस्परिक एवं सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने की पहल की जिसमें अंतरराष्ट्रीय छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। निवेदिता छात्रावास में विभिन्न देश जैसे बोटस्वाना, चीन, तंजानिया, नाबीबिया, कजाकिस्तान, ताजीकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, श्री लंका आदि देशों से लगभग 90 छात्राएं रहती हैं जो की लखनऊ विश्वविद्यालय से विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्यनरत हैं। कुलपति प्रो. राय का सदैव यह प्रयत्न रहा कि दूर विदेशों से आए छात्र - छात्राओं को विश्वविद्यालय एवं छात्रावास में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े और उन्हें हमारे देश में अपने घर जैसा ही अनुभव हो, जिससे वह बेहतर ढंग से अपनी शिक्षा यहां पूर्ण कर सकें।कुलपति ने छात्राओं को विश्वविद्यालय परिवार की ओर से उनकी सुरक्षा एवं खुशहाली का आश्वासन दिया। आपने यह भी कहा कि इस तरह के पारंपरिक आयोजन हमें एक दूसरे देश की संस्कृति को जानने और समझने का अवसर प्रदान करते हैं और भविष्य में ऐसे आयोजन विश्वविद्यालय परिवार में होते रहने चाहिए। माननीय कुलपति ने सभी छात्राओं को राखी बांधने के उपरांत मिठाई व कुछ उपहार भी भेंट कियेकुछ दिनों पूर्व छात्रावास में रुद्राभिषेक पूजन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय छात्राओं का भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से परिचय हुआ उन्होंने पूजन में सहभागिता करने की भी इच्छा जताई एवं पूजा में सहभागिता भी की। इसके उपरांत अंतरराष्ट्रीय छात्राओं ने रक्षाबंधन पर्व के बारे में जाना एवं उसे मनाने की इच्छा जाहिर की।अंतरराष्ट्रीय छात्राओं ने व्यक्त किया कि इस देश में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय हमारे संरक्षक हैं और हम उन्हें राखी बांधकर यह पर्व मनाना चाहते हैं। अंतर्राष्ट्रीय छात्राओं ने कुलपति के लिए स्वयं ही राखी बनाई, समस्त कार्यक्रम की तैयारी छात्राओं ने स्वयं ही की एवं उन्होंने अपने-अपने देश के संस्कृत कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। छात्राओं ने स्वयं द्वारा बनाई गई राखी इस राखी को कुलपति जी को एवं एक दूसरे को बांधकर रक्षाबंधन का पर्व खुशी से मनाया।।

# लविवि में प्लेसमेंट सेल को और मज़बूत बनाने के निर्देश

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रॉफ़ आलोक कुमार राय ने प्लेसमेण्टसेल को और मजबूत बनाने के लिए सभी संकाय अध्यक्षों / निदेशिकों को आदेश जारी किए। हाल में विश्वेविद्यालय के प्लेसमेंट सेल ने अनेकों कीर्तिमान स्थापित किए जिससे की विश्वविद्यालय की ब्रांडिंग राष्ट्रीय स्तर पर अधिक ख्याति को प्राप्त हुई है। डॉ मधुरिमा लाल निदेशिका प्लेसमेंट सेल ने बताया कि अब प्लेसमेंट्स में अधिकाधिक सभी विभागों के साथ कोआर्डिनेशन के साथ प्लेसमेंट गतिविधियों की जायेंगी। प्लेसमेण्ट कराने के पहले कंपनी की प्रामाणिकता एवं गुरवक्ता की भी परीक्षण आवश्यक होगा।




इकाई स्तर से किया गये प्रत्येक प्लेसमेण्टको सेंट्रल प्लेसमेंट के साथ पूल करके एक बढ़त रूप से कार्य शैली अपनायी जाएगी। हर संकाय से छात्र भागीदारी लेकर प्लेसमेंट्स को और मजबूत करेंगे। डॉ लाल ने बताया की हर कंपनी के अनुकूल छात्रों की काउन्सलिंग करना, उनके सीवी तैयार करना, इंटरव्यू

**आदेश**

- **अब सभी विभागों के साथ कोऑर्डिनेशन के साथ प्लेसमेंट होगा**

कैसे दिया जाये इस्पात हर स्टूडेंट्स की तैयारी करवाना ये हमारे प्लेसमेण्टसेल की विलक्षणता है

ताकि हर बच्चे को उसका मनचाहा जॉब दिलवाने में हम सहायक हो और इस करियर काउन्सलिंग को डॉ लाल प्लेसमेण्टड्राइव के पहले स्वयं करती है। अब हमारे प्लेसमेण्ट ना सिर्फ़ राज्य स्तर बल्कि अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे अग्रणी करने का लक्ष्य है।